यूहन्ना 20:19-23 Hindi Bible: Easy-to-Read Version (ERV-HI) John 20:19-23

19 उसी दिन शाम को, जो सप्ताह का पहला दिन था, उसके शिष्य यहूदियों के डर के
कारण दरवाज़े बंद किये हुए थे। तभी यीशु वहाँ आकर उनके बीच खड़ा हो गया और
उनसे बोला, "तुम्हें शांति मिले।"
20 इतना कह चुकने के बाद उसने उन्हें अपने हाथ और
अपनी बगल दिखाई। शिष्यों ने जब प्रभु को देखा तो वे बहुत प्रसन्न हुए।

21 तब यीशु ने उनसे फिर कहा, "तुम्हें शांति मिले। वैसे ही जैसे परम पिता ने मुझे भेजा
है, मैं भी तुम्हें भेज रहा हूँ।"
22 यह कह कर उसने उन पर फूँक मारी और उनसे कहा,
"पवित्र आत्मा को ग्रहण करो।
23 जिस किसी भी व्यक्ति के पापों को तुम क्षमा करते
हो, उन्हें क्षमा मिलती है और जिनके पापों को तुम क्षमा नहीं करते, वे बिना क्षमा पाए
रहते हैं।"